# कार्यालय नगर निगम, झाँसी

हरित झाँसी　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　स्वच्छ झाँसी

## ई–निविदा सूचना

झाँसी शहर के समस्त 60 वार्डो में स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण–2025–26 हेतु शहर के विभिन्न चयनित स्थलों की दीवारों पर स्वच्छता सम्बन्धी ''3डी/2डी/क्रियेटिव आर्ट्स, ऑयल पेटिंग'' को चित्रित कराये जाने सम्बन्धित कार्य की निविदा निम्न शिड्यूल के अनुरूप ऑनलाईन ई–टेण्डरिंग http://etender.up.nic.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। प्रतिभूति की धनराशि एवं निविदा शुल्क की धनराशि RTGS/NEFT के माध्यम से नगर निगम के यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया शाखा–नगर निगम, झाँसी के खाता सं0 346102011000102 IFSC Code No. UBIN0563102 के माध्यम जमा की जायेगी :–

| क्र.सं. | विवरण | प्रारम्भ दिनांक एवं समय |
|---|---|---|
| 01. | निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की तिथि | 07.02.2026 अपरान्ह 02:00 बजे से |
| 02. | बिड समाप्ति की तिथि एवं समय | 17.02.2026 अपरान्ह 03:00 बजे तक |
| 03. | बिड खोलने की तिथि एवं समय | 17.02.2026 अपरान्ह 04:00 बजे तक |

नोट :–

1. निविदा से सम्बन्धित सूचना व शर्ते नगर निगम झाँसी की वेबसाईट www.jnnjhansi.com में देखी जा सकती है।
2. निविदादाता को वेबसाईट http://etender.up.nic.in में पंजीकृत होना अनिवार्य है। पंजीकरण न होने पर निविदा डालना सम्भव नहीं होगा।
3. ई–निविदा में कोई भी संशोधन/परिमार्जन/परिवर्तन की सूचना को वेबसाईट पर अपलोड कर प्रकाशित किया जायेगा।सशर्त निविदा स्वीकार नहीं होगी।
4. एक अथवा सभी निविदाओं को कारण बताये अथवा बिना बताये निरस्त करने का अधिकार नगर आयुक्त नगर निगम झाँसी में निहित होगा।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी　　　　　　अपर नगर आयुक्त　　　　　　नगर आयुक्त

पत्रांक :– 368/अ0न0आ0/न0नि0/2025–26　　　　　　　　　　दिनांक :– 06/02/26

प्रतिलिपि :–

1. दैनिक सम्पादक दैनिक जागरण/दैनिक अमर उजाला को इस आशय के साथ प्रेषित कि उक्त निविदा सूचना का प्रकाशन मुख्य पृष्ठ को छोड़कर न्यूनतम स्पेस में 10 के फॉन्ट में प्रकाशित कर समाचार पत्र की 03 प्रतियाँ के साथ बिल भिजवाने का कष्ट करें।
2. आई0टी0 एक्सपर्ट नगर निगम, झाँसी को वेबसाईट पर अपलोड हेतु।

अपर नगर अयुक्त
नगर निगम, झाँसी

## कार्यालय नगर निगम, झाँसी

**स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण–2025–26 हेतु शहर के विभिन्न चयनित स्थलों की दीवारों पर स्वच्छता सम्बन्धी "3डी/2डी/क्रियेटिव आर्ट्स, ऑयल पेटिंग" को चित्रित कराये जाने हेतु शर्ते–**

1. निविदा प्रपत्र का मूल्य रू. 10,000/– +जी0एस0टी0 18% ऑनलाईन RTGS/NEFT के माध्यम से यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया शाखा–नगर निगम, झाँसी के खाता सं0–346102011000102 IFSC Code No. UBIN0563102 जमा करनी होगी।
2. निविदा की धरोहर धनराशि के रूप में रू. 4,00,000/– (रू0 चार लाख मात्र) FDR जो नगर आयुक्त नगर निगम, झाँसी के नाम बंधक हो कि मूलप्रति नगर निगम कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है या ऑनलाईन RTGS/NEFT के माध्यम से यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया शाखा–नगर निगम, झाँसी के खाता सं0– 346102011000102 IFSC Code No. UBIN0563102 जमा करनी होगी। बिना धरोहर धनराशि जमा किये निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा।
3. निविदादाता को जी0एस0टी0, पैन नम्बर, आयकर प्रमाण–पत्र श्रम विभाग का रजिस्टर्ड प्रमाण–पत्र निविदा प्रपत्रों के साथ स्वतः प्रमाणित छायाप्रति संलग्न कराना अनिवार्य है।
4. निविदादाता को सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्योग विभाग का पंजीकरण प्रमाण–पत्र निविदा प्रपत्रों के साथ स्वतः प्रमाणित छायाप्रति संलग्न कराना अनिवार्य है।
5. निविदादाता को रू. 20,00,000 (बीस लाख) हैसियत प्रमाण–पत्र/बैंक गारण्टी नगर आयुक्त, नगर निगम झाँसी के नाम 02 वर्ष के लिये बंधक कर मूलप्रति कार्यालय में ससमय प्रस्तुत करना अनिवार्य है।
6. निविदादाता को जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
7. निविदादाता को सरकारी कार्यालय में पिछले दो वर्ष में कम से कम रू. 10,00,000 (दस लाख) का एकल कार्य का अनुभव प्रमाण–पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।
8. निविदादाता को पिछले तीन वर्ष का औसतन रू. 30,00,000 (तीस लाख) का टर्नओवर का प्रमाण–पत्र Chartered Accountant (सी0ए0) के द्वारा सत्यापित कर प्रस्तुत करना अनिवार्य है। वित्तीय वर्ष–2022–23, 2023–24, 2024–25
9. 3डी/2डी/क्रियेटिव आर्ट्स, ऑयल पेटिंग कार्य ऑनलाईन निविदा के बी.ओ.क्यू. के अनुसार पेन्टिंग की विभिन्न प्रकार के आईटम की अलग–अलग दरें प्रति वर्गफीट+जी0एस0टी0 सहित डालना होगा।
10. 3डी/2डी/क्रियेटिव आर्ट्स, ऑयल पेटिंग कार्य में निविदा समिति द्वारा चयनित पेन्ट ब्रान्ड (एशियन, नेरोलक, डयूलक्स, बर्जर या समान क्वॅालिटी का पेन्ट) एवं अन्य सामग्री भी ब्राण्डेड इस्तेमाल किया जाना अनिवार्य है।
11. समस्त 3डी/2डी/क्रियेटिव आर्ट्स, ऑयल पेटिंग कार्य की जियोटैग फोटोग्राफ पेन्टिंग के पहले, पेन्टिंग का कार्य कराते हुये एवं कार्य के बाद की बिल प्रस्तुत करते समय संलग्न करना अनिवार्य है।
12. 3डी/2डी/क्रियेटिव आर्ट्स, ऑयल पेटिंग स्वच्छ स्पष्ट एवं पठनीय होने के साथ–साथ नगर निगम के अधिकारियों द्वारा स्वीकृत डिजाईन की पेन्टिंग ही की जायेगी।
13. निविदादाता द्वारा पूर्व में किये गये पेन्टिंग कार्य सम्बन्धी फोटो बुकलेट भी निविदा के साथ संलग्न कराना अनिवार्य है।
14. नगर निगम झाँसी के द्वारा चयनित निविदादाता को चिन्हित स्थल पर ही आवश्यकतानुसार कार्य जैसे–अल्प मरम्मत कार्य, धूल को हटाया जाना, पुट्टी कार्य और पेन्टिंग सम्बन्धी कार्य किया जायेगा साथ ही चयनित निविदादाता द्वारा निविदा में प्राप्त पृथक–पृथक दरों के अनुसार ही भुगतान किया जायेगा।

06/02/26
AO

15. निविदादाता द्वारा पेन्टिंग कार्य कराये जाने के लिये स्थानीय कलाकारों/लोक कला को वरीयता एवं शहर की संस्कृति और पहचान से जुड़ी थीम को प्राथमिकता दी जायेगी।
16. समय–समय पर निरीक्षण के दौरान पेन्टिंग में यथा संशोधन सम्बर्धन करना अनिवार्य होगा।
17. निविदादाता द्वारा पेन्टिंग कार्य में लगाये गये कार्मिकों की योग्यता एम0ए0(आर्ट एण्ड पेन्टिंग)/बी0एफ0ए0/एम0एफ0ए0 (पेन्टिंग/फाईन आर्ट) या सरकारी/अधिकृत आर्ट संस्थाओं से डिप्लोमा धारक हो।
18. निर्धारित अवधि में कार्य पूर्ण करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में भुगतान में कटौती की जायेगी।
19. पेन्टिंग किये गये स्थल की यथा–नाप एवं सन्तोषजनक पेन्टिंग कार्य सम्पादित होने की पुष्टि अवर अभियन्ता द्वारा की जायेगी, तदोपरान्त भुगतान सम्बन्धी अग्रिम कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।
20. किसी भी शर्त को जोड़ने अथवा घटाने, निरस्त करने, स्थल परिवर्तन करने कार्य को घटाने–बढ़ाने की समस्त शक्तियाँ नगर आयुक्त नगर निगम झाँसी में निहित होगी।
21. किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र झाँसी नगर ही होगा।
22. बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार नगर आयुक्त नगर निगम झाँसी को निहित होगा।
23. चयनित निविदादाता को पेन्टिग कार्य हेतु आवश्यकतानुसार सक्षम अधिकारी के स्वीकृति उपरान्त पृथक–पृथक कार्यादेश निर्गत किये जायेगे। तदोपरान्त भुगतान सम्बन्धी कार्यवाही की जायेगी।
24. नगर निगम झाँसी द्वारा आमंत्रित की गयी निविदा के अतिरिक्त पेन्टिंग सम्बन्धी कार्य कराया जा सकता है। जिस हेतु निविदादाता द्वारा पृथक से निविदा धनराशि की 10 प्रतिशत ई0एम0डी0 जमा कराते हुये अग्रिम कार्य कराया जायेगा। जिसके लिये नगर आयुक्त, नगर निगम झाँसी अधिकृत होगें।
25. चयनित निविदादाता को कार्यादेश निर्गत होने के एक सप्ताह के अन्दर निर्धारित स्टाम्प पेपर पर अनुबन्ध करना अनिवार्य होगा।

विजय कृष्ण मौर्य
ज्येष्ठ लेखा परीक्षक
झाँसी नगर निगम